Tender Heart High School, Sector-33B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय- हिन्दी साहित्य

पुस्तक : तरंग हिन्दी पाठमाला -3

पाठ -2 'साहसी बच्चे' के प्रश्नोत्तर

लिखित

प्रश्न 1. राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार कौन प्रदान करता है?

उत्तर- राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार दिल्ली में देश के प्रधानमंत्री द्वारा साहसी बच्चों को प्रदान किया जाता है।

प्रश्न 2. बस में बैठे किन बच्चों को वीरता पुरस्कार मिला?

उत्तर- बस में बैठे दो साहसी बच्चे अमरजीत और बबीता को वीरता पुरस्कार मिला।

प्रश्न 3. अमरजीत ने कितने बच्चों को डूबने से बचाया?

उत्तर- अमरजीत ने जान की परवाह किए बिना अपने तीन साथियों को डूबने से बचाया।

प्रश्न 4. बबीता ने बच्चों को कैसे बचाया?

उत्तर- बबीता ने दुपट्टे का एक छोर हाथ में पकड़कर रखा और दूसरे छोर को बार-बार पानी में फेंका। इस प्रकार उसने छह बच्चों को बचाया।

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका- श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय- हिन्दी साहित्य

प्रश्न 5. सेबास्टियन ने किस तरह अपने मित्र अभिजीत की जान बचाई ?

उत्तर- जब सेबास्टियन के मित्र अभिजीत का जूता रेलवे ट्रैक में फँस गया तो सेबास्टियन ने पूरी ताकत से अभिजीत को ट्रैक से दूर धकेल दिया और खुद भी दूर हो गया। इस प्रकार उसने अपने मित्र की जान बचाई।

गृहकार्य

सभी छात्र उपर्युक्त प्रश्न-उत्तर को अपनी-अपनी हिन्दी साहित्य की नोटबुक में लिखेंगे एवं याद भी करेंगे। सभी इस कार्य को सुन्दर लिखाई में लिखेंगे।

Tender Heart High School, Sector-33B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी विषय- हिन्दी साहित्य

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

दोहराई - पाठ - 1 (प्रार्थना) एवं पाठ-2 साहसी बच्चे

प्रश्न 1. शब्दों के अर्थ लिखो :-

1. अद्वितीय - 2. जूझना -
3. अंजान 4. कृपा -

प्रश्न 2. खाली स्थान भरो :-
1. ——— में स्कूली बच्चे सवार थे।
2. पानी और पवन को ——— ने बनाया है।

प्रश्न 3. सही या गलत का निशान लगाओ :-
1. जगत का पालक बच्चों को कहा गया है। ( )
2. बस हरियाणा प्रदेश की थी। ( )

प्रश्न 4. वाक्य बनाओ :-
1. मित्र - 2. पुरस्कार -

प्रश्न 5. प्रश्न (1) राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार कौन प्रदान करता है?
(2) बच्चे स्वयं को अंजान क्यों बता रहे हैं?

[Last Page]